महाराष्ट्र राज्य और अन्य

बनाम

महमूद

19 जून, 2007

[डॉ. अरिजीत पासायत और पी.पी. नावोलेकर, जेजे.]

महाराष्ट्र स्लमलोड्र्स, बूटलेगर्स और ड्रग ऑफेंडर्स की खतरनाक गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम, 1981:

उपधारा 2 (1-बी) और 3 – 'खतरनाक व्यक्ति' - निरोध का आदेश - अभिव्यक्ति "आदतन करता है या करने का प्रयास करता है" का अर्थ - निर्णय – निरुद्ध व्यक्ति का चौदह मामलों में शामिल होना और उसके विरुद्ध अन्य कई मामले लंबित होना जो आईपीसी के अध्याय XVI और XVII और आयुध अधिनियम के अध्याय V के तहत दंडनीय अपराधों से संबंधित हैं, और निरोधक प्राधिकरण द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले क्षेत्राधिकार की प्रकृति को देखते हुए, उच्च न्यायालय का यह निष्कर्ष कि यह कहने के लिए कि बंदी आदतन रूप से अपराध कारित करता है, दोषसिद्धि आवश्यक है, स्पष्ट रूप से अस्थिर है – इस संबंध में पुलिस अधिकारियों का उचित विश्वास पर्याप्त है - निवारक निरोध ।

शब्द और वाक्यांश : धारा 2(1-बी) महाराष्ट्र स्लमलोड्र्स, बूटलेगर्स और ड्रग ऑफेंडर्स की खतरनाक गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम, 1981 में आने वाली अभिव्यक्तियाँ "आदतन" और "आदतन करता है या करने का प्रयास करता है" का अर्थ।

प्रतिवादी को एक 'खतरनाक व्यक्ति मानते हुए उसके विरुद्ध धारा 3, महाराष्ट्र स्लमलॉर्ड, बूटलेगर्स की खतरनाक गतिविधियों की रोकथाम और मादक पदार्थ अपराधी अधिनियम, 1981 के तहत हिरासत का आदेश पारित किया गया था। उच्च न्यायालय द्वारा उक्त आदेश यह कहते हुए खारिज कर दिया गया कि अभिव्यक्ति "आदतन करता है" एक ऐसी स्थिति को दर्शाती है जहाँ एक व्यक्ति को निश्चित रूप से उस अपराध को कारित करने के लिए जाना जाता है जिसके लिए उसे अतीत में सक्षम क्षेत्राधिकार के न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया था क्योंकि केवल उसी आधार पर यह कहा जा सकता है कि वह बार-बार ऐसे कृत्यों में लिप्त था और केवल लंबित मामले किसी व्यक्ति को खतरनाक व्यक्ति के रूप में मानने के लिए पर्याप्त नहीं होंगे ।

अपीलार्थी राज्य की ओर से यह कहा गया था कि हालाँकि बंदी द्वारा कुल एक वर्ष की निरोध की अवधि में से 10 माह की अवधि भुगती जा चुकी है, लेकिन चूँकि उच्च न्यायालय का आदेश स्पष्ट रूप से अस्थिर है, इस कारण से अपील पर जोर दिया जा रहा है।

अपील आंशिक रूप से स्वीकार कर, न्यायालय द्वारा यह निर्धारित किया गया कि:-

1.1. सबसे पहले देखने वाली बात यह है कि महाराष्ट्र स्लमलोड्र्स, बूटलेगर्स और ड्रग ऑफेंडर्स की खतरनाक गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम, 1981 के तहत आदेश प्रकृति और चरित्र में निवारक है। अभिव्यक्ति "आदतन" बहुत महत्वपूर्ण है। एक व्यक्ति को एक आदतन अपराधी तभी कहा जाता है जब वह आदत से या आंतरिक स्वभाव से अपराध कारित करने का आदी है। इसका तात्पर्य यह है कि ऐसे अपराधों को बार-बार या लगातार किया जाना चाहिए और प्रथम दृष्टया उन अपराधों को कारित करने में निरंतरता होनी चाहिए। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों का उचित विश्वास पर्याप्त है। [पैरा 5, 8 और 11] [1046-एफ; 1049-जी-एच; 1049-ए]

मुस्तकमिया जब्बरमिया शेख बनाम एम. एम. मेहता, पुलिस आयुक्त वगे., [1995] 3 एससीसी 237; धनजी राम शर्मा बनाम पुलिस अधीक्षक, एआईआर (1966) एससी 1766 और अयूब उर्फ पप्पुखान नवाबखान पठान बनाम एस. एन. सिन्हा, [1990] 4 एससीसी 552, पर भरोसा किया!

1.2. 'आदतन' शब्द अवसरों की आवृत्ति को संदर्भित नहीं कर अभ्यास की अपरिवर्तनीयता को संदर्भित करता है और आदत को पूरी तरह से तथ्यों से साबित करना होता है । इसलिए, यह इस प्रकार है कि एक

अकेले अपराध में किसी व्यक्ति की संलिप्तता न तो इस बात का सबूत है और न ही यह निष्कर्ष निकालने में मदद करने वाली कोई सामग्री है कि कोई विशेष व्यक्ति एक "खतरनाक व्यक्ति" है, जब तक कि ऐसे मामलों में उसकी संलिप्तता का सुझाव देने वाली ऐसी सामग्री न हो, जो कि यह उचित निष्कर्ष की ओर ले जाती है कि वह व्यक्ति एक आदतन अपराधी है। 'आदतन' शब्द का अर्थ है 'आम तौर पर' और 'सामान्य तौर पर'। यह अवसरों की आवृत्ति को संदर्भित नहीं करता है, बल्कि अभ्यास की अपरिवर्तनीयता को संदर्भित करता है और आदत को तथ्यों की समग्रता से साबित करना होता है। [पैरा 10] [1049-ई-जी]

विजय अंबा दास दिवारे वगे. बनाम बालकृष्ण वामन दांडे एवं अन्य, [2000] 4 एससीसी 126; मुस्तकमिया जब्बरमिया शेख बनाम एम.एम. मेहता, पुलिस आयुक्त, [1995] 3 एससीसी 237, पर भरोसा किया।

उन्नत विधि शब्दकोश (तीसरा संस्करण) द्वारा पी. रामनाथ अय्यर; अय्यर का न्यायिक शब्दकोश, 10वां संस्करण, पृष्ठ 485, संदर्भित।

1.3. हस्तगत प्रकरण में, जैसा कि निरोध के आदेश से पता चलता है, बंदी चौदह मामलों में शामिल था और उसके विरुद्ध कई मामले लंबित थे जो आईपीसी के अध्याय XVI और XVII और शस्त्र अधिनियम, 1959 के अध्याय V के तहत दंडनीय अपराधों से संबंधित थे। निरोधक प्राधिकरण द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले क्षेत्राधिकार की प्रकृति को देखते हुए, उच्च

न्यायालय का यह निष्कर्ष कि यह कहने के लिए कि बंदी आदतन रूप से अपराध कारित करता है, दोषसिद्धि आवश्यक है, स्पष्ट रूप से अस्थिर है। [पैरा 12] [1050-बी]

1.4. चूँकि राज्य की ओर से यह उचित रूप से कहा गया है कि हस्तगत प्रकरण में समय व्यतीत होने से बंदी को शेष बची अवधि के लिए निरोध में भेजने की आवश्यकता नहीं है, बंदी के लिए शेष बची अवधि को भुगतने हेतु आत्मसमर्पण करने की कोई आवश्यकता नहीं है। [पैरा 13] [1050-सी]

आपराधिक अपील क्षेत्राधिकार: आपराधिक अपील सं. 133/2001।

बॉम्बे उच्च न्यायालय, नागपुर पीठ, नागपुर के 1999 की सीआरएल रिट याचिका सं. 350 में पारित अंतिम आदेश और निर्णय दिनांक 23.06.2000 से।

अपीलार्थियों के लिए रवींद्र केशवराव अडसुरे ।

न्यायालय का निर्णय डॉ. अरिजीत पासायत, जे. द्वारा सुनाया गया।

1. इस अपील में बॉम्बे उच्च न्यायालय, नागपुर पीठ की खंड पीठ के उस फैसले को चुनौती दी गई है जिसमें उन्होंने जिला मजिस्ट्रेट, नागपुर पीठ द्वारा पारित निरोध के आदेश को रद्द किया है । जिला मजिस्ट्रेट ने 12 अगस्त, 1999 के आदेश द्वारा महाराष्ट्र स्लमलोर्ड्स, बूटलेगर्स और ड्रग

ऑफेंडर्स की खतरनाक गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम, 1981 (संक्षेप में 'अधिनियम') की धारा 3 के तहत प्रतिवादी (जिसे आगे 'डिटेनु' से संबोधित किया गया है) को हिरासत में लेने का निर्देश दिया था । उक्त आदेश द्वारा जिला मजिस्ट्रेट ने यह् आदेश दिया था कि बंदी को एक "खतरनाक व्यक्ति" के रूप में माना जाना चाहिए और इसलिए उसे हिरासत में लेने की आवश्यकता थी। निरोध का आदेश डिटेनु पर 14 अगस्त, 1999 को तामील हुआ था और निरोध की अवधि एक वर्ष की थी। उच्च न्यायालय के समक्ष निरोध के आदेश को मुख्य रूप से दो आधारों पर चुनौती दी गई थी; पहला, निरोध के आधारों की एक समकालीन या एक साथ तामील होनी चाहिए थी क्योंकि उक्त आधारों में ही उसे यह सूचित किया गया था कि उसके द्वारा राज्य सरकार को प्रतिनिधित्व किया जा सकता था; दूसरा, यह दिखाने के लिए कोई सामग्री नहीं थी कि डिटेनु भारतीय दंड संहिता, 1860 (संक्षेप में 'आईपीसी) के अध्याय XVI और XVII में उल्लिखित अपराधों को आदतन रूप से कारित कर रहा था या करने का प्रयास कर रहा था। उच्च न्यायालय ने पहले तर्क में कोई सार नहीं पाया, लेकिन दूसरे तर्क को इस आधार पर स्वीकार कर लिया कि अभिव्यक्ति "आदतन करता है या करने का प्रयास करता है" तथ्यों द्वारा स्थापित होनी चाहिए । उच्च न्यायालय के अनुसार, अभिव्यक्ति "आदतन करता है" एक ऐसी स्थिति को व्यक्त करती है जहां एक व्यक्ति को निर्णायक रूप से इस बात के लिए जाना जाता है कि उसने निश्चित रूप से

उस अपराध को कारित किया है जिसके लिए उसे अतीत में सक्षम क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय ने दोषी ठहराया था और केवल उसी पृष्ठभूमि पर यह कहा जा सकता है कि वह बार-बार इस तरह के कृत्यों में लिप्त था। केवल लंबित मामले किसी व्यक्ति को खतरनाक व्यक्ति मानने के लिए पर्याप्त नहीं होंगे। यह अभिनिर्धारित किया गया कि चूंकि स्वतंत्रता में कटौती होती है, इसलिए यह न्यायालय के समक्ष शिकायत, उसके खिलाफ आरोप, एक पूर्ण-स्तरीय विचारण और फिर दोषसिद्धि के निर्णय पर आधारित होना चाहिए, जो ही केवल ऐसे व्यक्ति द्वारा अपराध कारित करना बता सकता है। उपरोक्त टिप्पणियों और निष्कर्षों के साथ उच्च न्यायालय ने निरोध के आदेश को रद्द कर दिया।

2. अपीलार्थी के विद्वान वकील ने यह कहा कि हालांकि बंदी उच्च न्यायालय के फैसले से पहले लगभग 10 महीने की निरोध की अवधि का सामना कर चुका है, लेकिन फिर भी उच्च न्यायालय का निष्कर्ष और व्यक्त किए गए विचार स्पष्ट रूप से कानून में अस्थिर हैं और इसलिए, अपील पर जोर दिया जा रहा है।

3. प्रत्यर्थी की ओर से कोई उपस्थिति नहीं है ।

4. अभिव्यक्ति "आदतन करता है या करने का प्रयास करता है" का वास्तविक महत्व महत्वपूर्ण प्रश्न है। धारा 2(बी-1) "खतरनाक व्यक्ति" को निम्नानुसार परिभाषित करती हैः

"धारा 2 (बी-1) "खतरनाक व्यक्ति" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो या तो स्वयं या फिर किसी गिरोह का सदस्य या नेता होकर, भारतीय दंड संहिता के अध्याय XVI या अध्याय XVII के तहत दंडनीय अपराध या आयुध अधिनियम के अध्याय V, 1959 के तहत दंडनीय अपराधों में से कोई भी अपराध आदतन रूप से कारित करे, या करने का प्रयास करे, या उसे कारित करने के लिए उकसाए।"

5. सबसे पहले यह देखना ज़रूरी है कि आदेश प्रकृति और चरित्र में निवारक है।

6. इस न्यायालय को कई मामलों में इसी तरह के प्रश्नों पर विचार करने का अवसर मिला था। मुस्तकमिया जब्बरमिया शेख बनाम एम. एम. मेहता, पुलिस आयुक्त वगे., [1995] 3 एससीसी 237 में अन्य बातों के साथ-साथ पैरा 7 और 8 में निम्नानुसार यह कहा गया था कि:

"7. अधिनियम की प्रस्तावना को पढने से यह स्पष्ट होगा कि अधिनियम में निहित प्रावधानों का उद्देश्य जिनमें उपरोक्त पुनरुत्पादित प्रावधान भी शामिल हैं अपराध को रोकने और समाज को असामाजिक तत्वों और खतरनाक पात्रों के अपराधों से बचाने के लिए उन्हें ऐसी अवधि के लिए निरोध में रखने से है जो उन्हें अवांछनीय आपराधिक

गतिविधियों का सहारा लेने से अक्षम कर देवे। अधिनियम के प्रावधानों का उद्देश्य आदतन अपराधियों, खतरनाक और अति भयंकर अपराधियों से निपटना है जो इतने कठोर और असुधार्य हैं कि दंडात्मक कानूनों के सामान्य प्रावधान और अपराध के लिए सजा का प्राणघातक भय उनके लिए पर्याप्त निवारक नहीं हैं। इसलिए अधिनियम की धारा 3 का उद्देश्य ऐसे अपराधियों से निपटना है जिन्हें साधारण कानून के तहत आसानी से मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है और जिन्हें विशेष कारणों से, उनके द्वारा किए गए कथित अपराधों के संबंध में दंडात्मक कानूनों के तहत दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। लेकिन अधिनियम के तहत किसी व्यक्ति को हिरासत में रखने की इस शक्ति का उपयोग संयम और बहुत सावधानी के साथ किया जाना चाहिए। किसी भी व्यक्ति के खिलाफ अधिनियम के तहत निरोध का आदेश पारित करने के लिए निरोधक प्राधिकारी को संतुष्ट होना चाहिए कि वह व्यक्ति अधिनियम की धारा 2 के अर्थ के भीतर एक "खतरनाक व्यक्ति" है जो दंड संहिता के अध्याय XVI या अध्याय XVII के तहत दंडनीय अपराधों या आयुध अधिनियम के अध्याय V के तहत दंडनीय अपराधों में से कोई भी अपराध आदतन रूप से कारित करे, या करने

का प्रयास करे, या उसे कारित करने के लिए उकसाए क्योंकि अधिनियम की धारा 3 की उप धारा (4) के अनुसार एक ऐसे "खतरनाक व्यक्ति" को ही धारा 3 के उद्देश्य हेतु "सार्वजनिक व्यवस्था के रखरखाव के लिए किसी भी तरह से प्रतिकूल कार्य करने वाला" व्यक्ति माना जाएगा, जिसके खिलाफ कानूनी रूप से निरोध का आदेश दिया जा सकता है।

8. अधिनियम ने धारा 2 की उपधारा (सी) में "खतरनाक व्यक्ति" को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया है जो या तो स्वयं या किसी गिरोह के सदस्य या नेता के रूप में दंड संहिता के अध्याय XVI या अध्याय XVII या आयुध अधिनियम के अध्याय V के तहत दंडनीय अपराधों में से किसी को भी आदतन रूप से करता है या करने का प्रयास करता है या करने हेतु उकसाता है। अधिनियम के तहत, हालाँकि, 'आदत' या 'आदी' अभिव्यक्ति को परिभाषित नहीं किया गया है। पी. रामनाथ अय्यर के द लॉ लेक्सिकन, रीप्रिंट एडिशन (1987), पेज 499, के अनुसार 'आदतन' का अर्थ है निरंतर, प्रथागत और निर्दिष्ट आदत का आदी होना और आदतन अपराधी शब्द किसी भी ऐसे व्यक्ति के लिए

इस्तेमाल किया जा सकता है जिसे पहले किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो और जिसे दो बार से अधिक जेल की सजा हो चुकी हो। 'आदतन' शब्द का अर्थ है 'आम तौर पर' और 'सामान्य तौर पर'। अय्यर के न्यायिक शब्दकोश, 10वें संस्करण, पेज 485 में 'आदत' शब्द को लगभग समान अर्थ दिया गया है। यह अवसरों की आवृत्ति को संदर्भित नहीं करता है, बल्कि अभ्यास की अपरिवर्तनीयता को संदर्भित करता है और आदत को तथ्यों की समग्रता से साबित करना होता है। इसलिए, एक पृथक अपराध में किसी व्यक्ति की संलिप्तता न तो यह साक्ष्य है और न ही यह निष्कर्ष निकालने में मदद करने वाली कोई सामग्री है कि एक विशेष व्यक्ति एक "खतरनाक व्यक्ति" है जब तक कि यह सुझाव देने वाली सामग्री न हो कि ऐसे मामलों में उसकी संलिप्तता उसके आदतन अपराधी होने के उचित निष्कर्ष की ओर ले जाती है। गोपालनाचारी बनाम केरल राज्य, एआईआर (1981) एससी 674, में इस न्यायालय को 'बुरी आदत', 'आदतन', 'हताश', 'खतरनाक', 'संकटमय' जैसी अभिव्यक्तियों के संबंध में विचार करने का अवसर प्राप्त हुआ था। इस न्यायालय ने यह कहा था कि आदत शब्द का अर्थ सामान्य अभ्यास है। पुनः विजय

नारायण सिंह बनाम बिहार राज्य, [1984] 3 एससीसी 14 में इस न्यायालय ने 'आदतन' अभिव्यक्ति का अर्थ बार-बार या लगातार करना निकाला था और यह कहा था कि यह निरंतरता का एक धागा दर्शाता है जो पृथक, अलग-थलग एवं भिन्न कृत्यों को नहीं बल्कि समान रूप से दोहराए जाने वाले कृत्यों को एक साथ जोड़ता है और समान कृत्य आदत के अनुमान को उचित ठहराने के लिए आवश्यक है। इसलिए यह आवश्यक है कि एक व्यक्ति को अधिनियम की धारा की उपधारा (सी) में परिभाषित अभिव्यक्ति "खतरनाक व्यक्ति" के भीतर लाने के लिए ऐसी सकारात्मक सामग्री होनी चाहिए जो कि यह दर्शित करे कि ऐसा व्यक्ति अध्याय XVI या अध्याय XVII या आयुध अधिनियम के अध्याय V के तहत दंडनीय अपराधों को आदतन रूप से करता है या करने का प्रयास करता है या करने हेतु उकसाता है और आईपीसी के अध्याय XVI या अध्याय XVII या अध्याय V के तहत केवल एक या पृथक कृत्य को अधिनियम की धारा 2(सी) में उल्लेखित आदतन कार्य नहीं कहा जा सकता है।”

7. धनजी राम शर्मा बनाम पुलिस अधीक्षक, एआईआर (1966) एससी 1766 में पुलिस अधिनियम 1861 की पृष्ठभूमि में यह निम्नानुसार कहा गया था कि:

> "6. पुलिस अधिनियम, 1861 की धारा 23 के तहत पुलिस अपराधों को रोकने और सार्वजनिक शान्ति को प्रभावित करने वाली ख़ुफ़िया जानकारी एकत्रित करने के कर्त्तव्य में है। अपने कर्तव्यों के कुशल निर्वहन के लिए, पुलिस अधिकारियों को पंजाब पुलिस नियम 1934 से यह अधिकार प्राप्त हैं कि वे संदिग्ध व्यक्तियों के पुर्वापराध पत्र खोले और उनका नाम पुलिस के रजिस्टर सं. 10 में दर्ज करें । इन शक्तियों का उपयोग सावधानी से और नियमों की सख्त पालना करते हुए करना चाहिए । नियम 23.9 (2) के तहत पुर्वापराध पत्र खोलने की पूर्ववर्ती शर्त यह है कि संदिग्ध एक ऐसा व्यक्ति है "जिसे आदतन अपराध का आदि होने के लिए या ऐसे किसी व्यक्ति का सहयोगी या दुष्प्रेरक होने के लिए उचित रूप से जाना जाता है" । इसी प्रकार नियम 23.4 (3)(बी) के तहत पुलिस रजिस्टर सं. 10 के भाग II में संदिग्धों के नाम दर्ज करने की पूर्ववर्ती शर्त यह है कि वे ऐसे"

संपत्ति को प्राप्त करने वालों के रूप में उचित रूप से जाना जाता है, भले ही उन्हें दोषी ठहराया गया हो या नहीं । यदि पुलिस अधिकारियों की कार्यवाही को चुनौती दी जाती है, तब उन्हें उनकी कार्यवाही को उचित सिद्ध करना चाहिए और यह दर्शाना चाहिए कि पूर्ववर्ती शर्त की पालना की गई है।"

8. जैसा कि उद्धृत भाग से दर्शित होता है, इस न्यायालय ने यह कहा है कि पुलिस अधिकारियों का उचित विश्वास पर्याप्त है।

9. आदतनः पी. रामनाथ अय्यर की उन्नत कानून शब्दकोश (तीसरा संस्करण) में "आदत" और "आदतन" शब्दों का यह अर्थ दिया गया है कि: "आदत एक स्थिर प्रवृत्ति या अभ्यास, मानसिक रचना है। 'आदत' शब्द का अर्थ एक प्रवृत्ति या क्षमता है जो एक ही कार्य की बार-बार पुनरावृत्ति के परिणामस्वरूप होती है। 'आदत' और 'आदतन' शब्दों का अर्थ है लगातार अभ्यास या उपयोग। "आदतन" का अर्थ है स्थिर; प्रथागत; एक निर्दिष्ट आदत की लत।" इस न्यायालय द्वारा विजय नारायण सिंह बनाम बिहार राज्य, [1984] एससीसी (सीआरएल) 361), में आदतन अपराधी के प्रश्न पर विचार किया गया और पैरा 31 में "आदतन" अभिव्यक्ति की व्याख्या इस प्रकार की गई कि: "अभिव्यक्ति 'आदतन' का अर्थ है 'बार-बार' या 'लगातार'। इसका तात्पर्य निरंतरता का एक धागा है जो समान दोहराए जाने वाले कार्यों को एक साथ जोड़ता है। आदत के अनुमान को सही

ठहराने के लिए बार-बार, लगातार और समान कृत्य आवश्यक है, न कि कोई अलग-अलग, व्यक्तिगत और भिन्न कृत्य। "आदतन" अभिव्यक्ति का अर्थ बार-बार या लगातार होता है और इसका तात्पर्य निरंतरता के उस धागे से है जो समान दोहराए जाने वाले कार्यों को एक साथ जोड़ता है। किराए की अदायगी में एक बार चूक का अर्थ यह नहीं होगा कि किरायेदार आदतन चूककर्ता था। (देखिएः विजय अंबा दास दिवारे वगे. बनाम बालकृष्ण वामन दांडे व अन्य, [2000] 4 एससीसी 126)।

10. मुस्तकमिया जब्बरमिया शेख बनाम एम. एम. मेहता, पुलिस आयुक्त, [1995] 3 एससीसी 237, में यह अभिनिर्धारित किया गया था कि गुजरात असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम, 1985 के तहत "आदत" या "आदतन" अभिव्यक्ति को परिभाषित नहीं किया गया है। 'आदतन' शब्द अवसरों की आवृत्ति को संदर्भित नहीं करता है, बल्कि एक अभ्यास की अपरिवर्तनीयता को संदर्भित करता है और आदत को तथ्यों की समग्रता से साबित करना होता है। इसलिए, यह इस प्रकार है कि एक अकेले अपराध में किसी व्यक्ति की संलिप्तता न तो इस बात का सबूत है और न ही यह निष्कर्ष निकालने में मदद करने वाली कोई सामग्री है कि कोई विशेष व्यक्ति एक "खतरनाक व्यक्ति" है, जब तक कि ऐसे मामलों में उसकी संलिप्तता का सुझाव देने वाली ऐसी सामग्री न हो, जो कि यह उचित निष्कर्ष की ओर ले जाती है कि वह व्यक्ति एक आदतन अपराधी है।

'आदतन' शब्द का अर्थ है 'आम तौर पर' और 'सामान्य तौर पर'। अय्यर के न्यायिक शब्दकोश, 10वें संस्करण, पेज 485 में 'आदत' शब्द को लगभग समान अर्थ दिया गया है। यह अवसरों की आवृत्ति को संदर्भित नहीं करता है, बल्कि अभ्यास की अपरिवर्तनीयता को संदर्भित करता है और आदत को तथ्यों की समग्रता से साबित करना होता है।

11. "आदतन" अभिव्यक्ति बहुत महत्वपूर्ण है। एक व्यक्ति को एक आदतन अपराधी तभी कहा जाता है जब वह आदत के बल या आंतरिक स्वभाव से अपराध करने का आदी है। इसका तात्पर्य बार-बार या लगातार ऐसे अपराध कारित करना है और प्रथम दृष्टया उक्त अपराधों को कारित करने में निरंतरता होनी चाहिए। (देखिएः अयूब उर्फ पप्पुखान नवाबखान पठान बनाम एस.एन. सिन्हा, [1990] 4 एससीसी 552।

12. जैसा कि निरोध के आदेश से पता चलता है डिटेनु चौदह मामलों में शामिल था और उसके विरुद्ध कई मामले लंबित थे जो आईपीसी के अध्याय XVI और XVII और आयुध अधिनियम, 1959 (संक्षेप में 'आयुध अधिनियम') के अध्याय V के तहत दंडनीय अपराधों से संबंधित थे । निरोधक प्राधिकरण द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले क्षेत्राधिकार की प्रकृति को देखते हुए, उच्च न्यायालय का यह निष्कर्ष कि यह कहने के लिए कि बंदी आदतन रूप से अपराध कारित करता है, दोषसिद्धि आवश्यक है, स्पष्ट रूप से अस्थिर है ।

13. अपील स्वीकार किये जाने योग्य है । चूँकि राज्य के विद्वान वकील ने उचित रूप से यह कहा है कि हस्तगत प्रकरण में समय व्यतीत होने से बंदी को शेष बची अवधि के लिए निरोध में भेजने की आवश्यकता नहीं है, बंदी के लिए शेष बची अवधि को भुगतने हेतु आत्मसमर्पण करने की कोई आवश्यकता नहीं है ।

14. उपरोक्त हद तक अपील स्वीकार की जाती है।

अपील आंशिक रूप से स्वीकार।

यह अनुवाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल 'सुवास' की सहायता से अनुवादक न्यायिक अधिकारी रविकान्त मीना (आर.जे.एस.) द्वारा किया गया है।

अस्वीकरण: यह निर्णय पक्षकार को उसकी भाषा में समझाने के सीमित उपयोग के लिए स्थानीय भाषा में अनुवादित किया गया है और किसी अन्य उद्देश्य के लिए इसका उपयोग नहीं किया जा सकता है। सभी व्यावहारिक और आधिकारिक उद्देश्यों के लिए, निर्णय का अंग्रेजी संस्करण ही प्रामाणिक होगा और निष्पादन और कार्यान्वयन के उद्देश्य से भी अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।